तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 5 अगस्त 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदगाट



12 किसानों ने हल सहित अन्य कृषि उपकरणों की पूजा की





10 प्रभारी मंत्री अब ज़िलों में एक दिन जनता ...




# हरेली पर दिखा छत्तीसगढ़ी संस्कृति व परंपरा का संगम, चारों ओर छाया उत्साह

## प्रकृति का आभार व्यक्त करने लोकपर्व पर उमड़ा जनमानस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

पूरे बेमेतरा ज़िले में रविवार हरेली तिहार उत्साह के साथ मनाया गया। ग्रामीणों व किसानों ने खेती-किसानी से जुड़े औजारों की पूजा की। इस मौके पर ग्रामीण क्षेत्रों सहित जिला मुख्यालय के विभिन्न हिस्सों में पौधारोपण भी किया गया। इस दौरान कई स्थानों पर रिमझिम बारिश के बीच कब्बड्डी, खो-खो, रस्साकसी और गेड़ी दौड़ जैसी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें ज़िला मुख्यालय सहित चारों ब्लाक में बच्चों, महिलाओं और पुरुषों ने उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। बता दें कि हरेली तिहार छत्तीसगढ़ राज्य में मनाया जाने वाला एक





प्रमुख पर्व है। यह पर्व सर्वाधिक गर्व और उत्साह के साथ मनाया जाता है और यह छत्तीसगढ़ी संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। रविवार को गांव की मान्यताओं के कारण हरेली के दिन सुबह पशुओं को आटे की लोंदी खिलाई गई, जिसमें जड़ी बूटियां मिलाई गई थीं। बरसात में मवेशियों को होने वाली बीमारियों से बचाने के लिए उन्हें औषधि खिलाई जाती है। त्योहार पर किसानों ने अपने आराध्य के साथ खेती किसानी में उपयोग आने वाले औजारों की साफ-सफाई कर पूजा अर्चना की। वहीं, प्रसाद के रूप में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजन चीला व गुलगुला का भोग लगाया गया। इसके साथ ही घर के दरवाजे पर नीम की टहनी लगाई गई। वहीं, कई जगह परंपरा के अनुसार चौखट पर कील ठोकने की परंपरा निभाई गई।

### गेड़ी को लेकर रहा भारी उत्साह

त्योहार पर बच्चों एवं युवाओं में खासा उत्साह देखा गया। गांवों में बच्चे सुबह से ही गेड़ी की तैयारी में थे। किसानों द्वारा कृषि उपकरणों की पूजा व घर में हूम देने के बाद बच्चे गेड़ी खपाने निकले।इस दौरान उनका उत्साह चरम पर था। बच्चों की टोलियां गलियों चौराहों पर गेड़ी चढ़कर दौड़ते रहे। वहीं, कई गांवों में गेड़ी दौड़ की प्रतियोगिताएं भी हुईं, जिनमें लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## खबर संक्षेप

### झूठ की राजनीति कर रही हैं विधायक संगीता : डॉ मोना

**गुरूर।** महिला मोर्चा महामंत्री डॉ मोना टुवानी ने कहा है कि संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा सत्य को नकारकर झूठ की राजनीति कर रही है। जिस वीडियो में कुछ महिलाओं द्वारा महिला पार्षद को घसीटते हुए साफ साफ दिखाई दे रहा है, उसे भी अब विधायक झूठ बता रही हैं। इसी तरह पहले एक महिला को रिपोर्ट दर्ज करने के लिए उकसाती रहीं और जब महिला ने रिपोर्ट वापस ले ली, तो इससे बचने फिर झूठ का सहारा ले रही हैं। डॉ मोना टुवानी ने कहा है कि वीडियो में साफ-साफ दिखाई दे रहा है कि कुछ महिलाएं बीजेपी पार्षद को उनके घर से निकालकर सड़क में जबरदस्ती लाकर घसीट रही हैं। सड़क पर उनको गिरा भी दिया और विधायक कह रही हैं कि वो साड़ी फंसने के वजह से गिरीं। विधायक संगीता सिन्हा को प्रेस कांफ्रेंस में बयान देने से पहले वीडियो को अच्छे से देख लेना चाहिए था।

### ट्रेलर से टकराए बाइक सवार की मौत, दो गंभीर

**भिलाई।** बाइक सवार तीन युवक ट्रेलर की चपेट में आने से एक की मौके पर ही मौत हो गई। दो युवक गंभीर रुप से घायल है। मामले में पुलिस ने जुर्म दर्ज कर जांच में जुटी हुई है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि मृतक युवकी शिनाख्त जांजगिर चंपा निवासी लोकेश चंदेल 23 वर्ष के रुप में हुई। लोकेश रायपुर के दलदल सिवनी में हमाली का काम करता था। वह अपने दो दोस्तों के साथ किसी काम से दुर्ग आया था। यहां से तीनों एक ही बाइक सीजी 10 एक्स 0329 में सवार होकर रायपुर की ओर जा रहे थे। इस दौरान खुर्सीपार गेट में शुक्रवार की रात अचानक सिग्नल रेड लाइट होने से बाइक से आगे चल रहे ट्रेलर आरजे 9 जीसी 9785 के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। हादसे में बाइक सवार ट्रेलर में जा भिडे। हादसे में लोकेश की मौत हो गई। वहीं उसके दो अन्य दोस्त घायल है।

### कारोबारी का सोना चोरी करने वाले दो युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** स्कूटी की डिक्की से सोना पार करने वाले को पुलिस ने सात दिन बाद आरोपी को गिरफ्तार किया है। घटना का खुलासा करते हुए एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने बताया कि वैशाली नगर निवासी सागर हिम्मत जरे जेबी आर रिफाईनरी दुकान में सोना गलाने का काम करता है। दुकान से सोना अपनी स्कूटी की डिक्की में रखकर खाना खाने अंसारी बिरयानी सुपेला आया था। दुकान के बाहर स्कूटी खड़ी कर भीतर गया खाने के बाद 10 मिनट में वापस आया तो स्कूटी गायब मिला। आसपास खोजबीन करने के बाद स्कूटी नहीं मिलने पर पुलिस में शिकायत किया। आरोपी को पकड़ने के लिए एसीसीयू, सुपेला पुलिस की टीम जुटी रही। पुलिस ने आने-जाने वाले रास्तों में लगे सीसीटीवी कैमरों का फूटेज चेक किया गया। जिसमें 1 बाइक सवार होकर आये 2 रेन कोट पहने युवको के द्वारा उक्त चोरी की घटना को अंजाम देना दिखा।

## सब्जियों की कीमत में उतार-चढ़ाव का असर उत्पादक किसानों पर

# बारिश के कारण नहीं मिल रही सही कीमत, फेंकने को मजबूर हैं किसान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

बारिश का मौसम शुरू होते ही सब्जियों के बाजार में उथल-पुथल मची हुई है। इसके कारण जहां मनचाही सब्जियों की किल्लत होने से बाजार में कीमत सातवें आसमान पर है, तो वहीं लोकल सब्जियों की आवक ज्यादा होने से उनकी कीमत कम होने के कारण सब्जी उत्पादकों को भारी नुकसान हो रहा है। फिलहाल इस बरसात के दौर में किसानों के साथ थोक व चिल्हर के साथ सब्जी कारोबारी भी खासे प्रभावित नज़र आ रहे हैं, जबकि सब्जियों की मौसम पर निर्भरता से बाजार में कीमतों पर चल रहे उतार-चढ़ाव का असर सीधे तौर पर घर में किचन के बजट पर दिखाई पड़ रहा है।

दरअसल इन दिनों ज़िला के सभी 09 तहसील इलाको में करीब दो-तीन हफ्ते से लगातार रिमझिम बारिश के कारण खेतों-बाड़ियों में बड़ी मात्रा में पानी भर गया है। लिहाजा सब्जियों के पौधों के लगातार पानी के सम्पर्क में रहने के कारण सब्जी के उपज



### कम आवक के कारण बढ़ जाती है कीमत

जबकि ज्ञात हो कि बारिश लगते ही अनेक सब्जियां मौसम की विपरीत परिस्थितियों में झड़कर खत्म हो जाती हैं। इसके कारण टमाटर-बैगन, मिर्ची, धनिया जैसी कई सब्जियों की बाजार में आमद कम हो जाती है, जिसके कारण कीमत बढ़ जाती है। इसके अलावा दर्जनों मौसमी फलों की भी बरसात में आवक कम होने से कीमत काफी बढ़ जाती है। लिहाजा क्षेत्र में बारिश के कारण सब्जियों व फलों के दामों पर आम सीजन की तुलना के काफी असमानता देखने को इन दिनों मिल रही है।

व फसल प्रभावित होने का खतरा बढ़ गया है। इनमें खीरा, मूली, लौकी, अमरूद व पपीते सहित अन्य सब्जियां खराब होने लगती हैं। इसके कारण इनकी कीमत बहुत ज्यादा कम हो जाती है। आलम यह है कि इन दिनों जिले के कई इलाकों में ऐसे फसलों व सब्जियों को सस्ते रेट मिलने के कारण उत्पादक किसानों को अपनी लागत निकाल पाना मुश्किल हो रहा है। इसके कारण वे सड़क किनारे अपनी फसल को फेंकते दिखाई दे रहे हैं।

### 5 रुपए में नहीं मिल रहे खीरे के खरीदार

बाजार के ताज़ा आंकड़ों के अनुसार एक सीजन में 40 रुपये किलो बिकने वाले खीरा का इन दिनों 5 रुपये किलो में भी खरीदार नहीं मिल पा रहा है। वहीं, एक समय में 2 रुपये, 5 रुपये किलो बिकने वाले टमाटर की कीमत बाजार में दस गुना अधिक है, जिससे घर बजट बिगड़ा हुआ नजर आ रहा है।

# दुर्ग-बेमेतरा सड़क जर्जर, गड्ढों ने बढ़ाई यात्रियों की परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

दुर्ग-बेमेतरा राजकीय राजमार्ग की सीजीडीसी सड़क पर बरसात के मौसम में गड्ढे ही गड्ढे नज़र आ रहे हैं। ये गड्ढे सड़क मार्ग के हज़ारों वाहन चालकों के लिए मुसीबत का सबब बन गए हैं। वहीं, बरसात के कारण इनमें पानी भर जाने से वाहन चालकों की परेशानी जहां और ज्यादा बढ़ गई है, वहीं दूसरी और गड्ढों का अंदाजा नहीं लगने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।

■ बारिश के कारण गड्ढों में पानी भर जाने से और बढ़ गई दुर्घटना की आशंका

वैसे तो यह सड़क ज़िला मुख्यालय से शुरू होकर देवरबीजा व कोदवा होकर सीमावर्ती नगर देवकर क्षेत्र में समाप्त होती है, जहां से यह सड़क दुर्ग ज़िला क्षेत्र से होकर दुर्ग संभाग मुख्यालय को जोड़ती है। किंतु इन दिनों सड़क पर नगर देवकर से लेकर बेमेतरा तक जगह-जगह गहरे गड्ढे दिखाई दे रहे हैं, जो हादसे को खुला आमंत्रण दे रहे हैं। आलम यह है कि इस सड़क में हर साल की तरह इस बार भी बरसात लगते ही ग्राम भेड़नी-केछवाई गाँव के समीप पुलिया के स्लैब धँसने से बड़ा गड्ढा भी एक तरफ बन गया है। जबकि शासन-प्रशासन के दिशानिर्देश पर सड़क मार्ग का निरीक्षण कर उचित मरम्मत व व्यवस्थित ▸▸| शेष पेज 12 पर

# हरेली के अवसर पर ग्राम बरगा में लगाए गए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| थानखम्हरिया

समीपस्थ ग्राम पंचायत बरगा में सरपंच मीना बल्लूपाल के नेतृत्व और महिला स्व सहायता समूह के सहयोग से एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामवासियों ने एक साथ मिलकर पौधों का रोपण किया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पेड़ों के महत्व को समझाना और पर्यावरण को संरक्षित करने में योगदान देना था। सरपंच प्रतिनिधि बल्लूपाल ने कहा कि वृक्षारोपण हमारे पर्यावरण को संरक्षित करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। पेड़ हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, वायु प्रदूषण को कम करते हैं, और मिट्टी के क्षरण को रोकते हैं। इसके अलावा, पेड़ हमारे पर्यावरण को सुंदर और आकर्षक बनाते हैं।इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के पेड़ लगाए गए, जैसे कि नीम, पीपल, और बरगद। ये पेड़ न केवल पर्यावरण को संरक्षित करते हैं, बल्कि हमारे स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होते हैं।

हमें उम्मीद है कि इस कार्यक्रम से लोग पेड़ों के महत्व को समझेंगे और पर्यावरण को संरक्षित करने में योगदान देंगे।

हमें अपने पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए एक साथ मिलकर काम करना होगा। वृक्षारोपण कार्यक्रम में सरपंच मीना पाल, प्रतिनिधि बल्लू नोहर पाल, गणेश तुरकाने, जलसु निर्मलकर, मानसिंह साहू, बिसाहू राम साहू, सीताराम साहू, पीलाराम पाल महिला स्व सहायता समूह से जानकी बाई, नन्दकुमारी ठाकुर, रूखमणी साहू, जागेश्वरी साहू, रानी निषाद, संतोषी यादव, भगवती यादव, गीता साहू ने भाग लिया।



### केंवाछी मुख्य मार्ग पर नीम के 200 पौधे रोपे गए



**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय समीप ग्राम केंवाछी में सद्गुरू कबीर नवयुवक मंडल के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ के प्रथम त्योहार हरियाली पर्व के अवसर पर नीम के 200 पौधे रोपे गए। इस अवसर पर नवयुवक मंडल अध्यक्ष खेलन वर्मा, गुरेंद्र वर्मा धनंजय वर्मा, विजय वर्मा, प्रेम वर्मा, तोलेन्द्र वर्मा, अनुराग वर्मा, लल्ला वर्मा, दानी वर्मा, गनपत वर्मा, तुमेश्वर वर्मा, नानू वर्मा, धनेश वर्मा, विवेक वर्मा, आकाश वर्मा, प्रकाश वर्मा, राजीव वर्मा, दीपक वर्मा, राहुल वर्मा, अमन वर्मा, झालेन वर्मा, टोपु साहू टोपेन्द वर्मा आदि उपस्थित थे।

# एमएसएमई पीसीएल के प्रांत व जिला के पदाधिकारियों की हुई नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

समृद्धि विहार स्थित समाधान महाविद्यालय में एमएसएमई पीसीएल ने प्रेस वार्ता कर प्रांत एवं जिला के पदाधिकारियों की घोषणा की गई।

डॉ अवधेश पटेल, सुमन मुथा, यश मनहर, गोपी कश्यप एवं रमाशंकर को छत्तीसगढ़ के स्टेट वाइस चेयरमैन एवं मनोज वैष्णव को बेमेतरा जिला, आनंद राय जिला बिलासपुर, अभिषेक सोनी जिला मुंगेली, नवीन जायसवाल जिला जी पी एम. मृदुल मूंदड़ा जिला बलौदा बाजार का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। उक्त घोषणा एमएसएमई पीसीएल छत्तीसगढ़ के स्टेट चेयरमैन भीमशंकर यादव ने घोषणा के बाद पदाधिकारियों ने उद्यमों को





नई ऊंचाईयों पर ले जाने हेतु निरंतर कार्य करने का निश्चय किया।

एमएसएमई पीसीएल आगामी समय में देश भर के उद्यमियों को निशुल्क लीन ट्रेनिंग प्रोग्राम का प्रशिक्षण प्रदान करेगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में समस्त उद्यमी सम्मिलित हुए। इस प्रशिक्षण को गुणवत्तापूर्ण बनाने हेतु दिल्ली से लीन प्रशिक्षण प्रमुख आंबेडकर कासनियां रहे। भारत सरकार द्वारा देश भर के सभी उद्योगपतियों को सूक्ष्म , लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय द्वारा लीन प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें उद्योगपति कैसे अपने उद्योग का विस्तार कर सके ऐसे सभी विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

घोषणा के पश्चात वाइस चेयरमैन, दुर्ग संभाग डॉ अवधेश पटेल ने कहा कि ▸▸| शेष पेज 12 पर

### मुआवजा देने के बाद बिछेगी गैस पाइप लाइन

**भिलाई।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास में दुर्ग बेमेतरा जिले की किसानों एवं गेल इंडिया लिमिटेड के अधिकारियों की शनिवार संयुक्त बैठक हुई। जिसमें कंपनी और किसानों के बीच पाइप लाइन बिछाने के कार्य पर सहमति बनी। किसानों को मुआवजा देने के बाद ही अब गैस पाइप लाइन लगाने का कार्य होगा। किसानों का दो साल का फसल नुकसान की क्षतिपूर्ति भी इसी महीने भुगतान कर देंगे। गेल इंडिया की तरफ से चीफ मैनेजर सौरभ सिंह व दीपक मौर्य मौजूद रहे। किसानों के मुताबिक गेल इंडिया और जिला प्रशासन द्वारा राजस्व मंत्री को गलत जानकारी दी जा रही है।

## ग्राम गुवारा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में बताया ग्रंथ का महत्व

# श्रीमद् भगवत गीता श्री कृष्ण की अमरवाणी हैः आचार्य प्रमोद शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸| थान खमरिया

शहर से लगे हुए ग्राम गुवारा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिवस प्रवचन करते हुए आचार्य पं.प्रमोद शास्त्री ने कहा कि संसार में अनेक धर्म, समप्रदाय में अनेक ग्रंथ हैं किंतु उन सब में श्रेष्ठ ग्रंथ भगवान श्रीकृष्ण के मुखारवृंद से निसृत वाणी गीता के रूप में विद्यमान है। श्री शास्त्री ने गीता ग्रंथ पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसमें 18 अध्याय तथा 700 श्लोक हैं, जिनमें से 542 श्लोक भगवान श्री कृष्ण ने तथा शेष 158 श्लोक अर्जुन, संजय, धृतराष्ट्र द्वारा कहे गए हैं।



भक्ति योग,ज्ञान योग ,कर्म योग की त्रिवेणी ही भागवत गीता है।साथ ही भगवान कृष्ण ने सभी अध्यायों को योग बना दिए है।प्रथम अध्याय में अर्जुन विषाद ग्रस्त हो जाता है कि युद्ध नहीं करूंगा। उसे अर्जुन विषाद योग बताया। विश्व में सबसे अधिक टीका गीता पर लिखे गए है। जिसमें शांकर भाषा, रामानुज भाष संस्कृत में तथा तत्वविवेचनी,साधक संजीवनी,ज्ञानेश्वरी टीकाएं प्रमुख है।छत्तीसगढ़ी भाषा में कुल 7 टीकाएं बन चुकी है। विश्व की सभी भाषाओं में गीता का अनुवाद भाषा टीका आदि।

### की गई तुलसी वर्षा

आचार्य शास्त्री ने कहा कि गीता मात्र हिंदुओं के लिए ही नहीं, अपितु सभी के लिए लाभप्रद है। बालगंगाधर तिलक,गांधी जी, विनोबा भावे आदि गीता के टीकाकार है। पूर्व राष्ट्रपति मिसाइलमैन अब्दुल कमाल तथा साहित्य मर्मज्ञ और प्रख्यात प्रधानमंत्री अजातशत्रु अटल बिहारी वाजपेई गीता ग्रंथ के मर्मज्ञ माने जाते हैं। इस प्रकार गीता का अध्ययन सबको करना चाहिए। भगवान के 1000 नामों को पढ़ते हुए तुलसी वर्षा की गई। पूर्णाहुति के बाद आयोजक सुशील मिश्रा ने सबके प्रति आभार व्यक्त किया।


## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### सीएम साय को छात्र ने भेंट की पोर्ट्रेट

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आरंग में आयोजित आश्रम छात्रावास लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान नौवीं कक्षा के छात्र हर्ष गिलहरे ने अपने हाथों से बनाई स्केच पोर्ट्रेट भेंट की। हर्ष की भेंट पाकर मुख्यमंत्री ने उसे शुभाशीर्वाद दिया और उसे मन लगाकर पढ़ाई करने की समझाइश दी। मुख्यमंत्री ने हर्ष से कहा कि उसके पास केवल एक पेंसिल से किसी की हू-ब-हू तस्वीर बनाने (स्केच) बनाने का अनूठा हुनर है और खूब अभ्यास कर इसे निखारना चाहिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रैक्टिस से परफेक्शन आता है, उसकी बारीकियां पता चलती हैं। लगातार प्रैक्टिस करके वो एक अच्छा स्केचमेकर बनकर देश-दुनिया में अपना और अपने प्रदेश का नाम रोशन कर सकता है। हर्ष गिलहरे रायपुर के डीडीनगर स्थित केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 में कक्षा नौंवी का छात्र है।

### कृषि मंत्री नेताम ने दी हरेली तिहार की बधाई

**रायपुर।** कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रोद्योगिकी मंत्री रामविचार नेताम ने 4 अगस्त को मनाए जा रहे छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पर्व हरेली तिहार के



अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ एक कृषि प्रधान राज्य है। हरियाली अमावस्या को मनाया जाने वाले हरेली त्योहार का छत्तीसगढ़ के जनजीवन में व्यापक प्रभाव देखा जा सकता है। इस दिन किसान भाई नांगर (हल) एवं कृषि औजार की पूजा करते हैं, जो हमारे कृषि प्रधान संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। वहीं दूसरी ओर देखा जाए तो हरेली पर्व का महत्व धरती को हरा-भरा बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे की महत्ता को भी प्रदर्शित करता है। इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री नेताम ने नागरिकों एवं किसानों की खुशहाली की कामना की है।

### जेसीआई वामा कैपिटल का कपल ट्रेनिंग प्रोग्राम

JCI

**रायपुर।** जेसीआई वामा कैपिटल द्वारा रविवार को एक दिवसीय 'कपल ट्रेनिंग प्रोग्राम' का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9.30 बजे से होगी, जिसका समापन शाम 5 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जोन प्रेसिडेंट आकाश सुंदरानी शामिल होंगे। कार्यशाला के दौरान जोन ऑफिसर नीलम सराफ, पीपीपी जेएफआर राजेश अग्रवाल, शिल्पा काबरा, चंचल पलसानिया, दीया मूलचंदानी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। इस दौरान वक्ता द्वारा लगभग 30 कपल को ट्रेनिंग दी जाएगी, जिसमें सही लाइफ स्टाइल, व्यवहार जैसे अनेक विषयों को शामिल किया जाएगा। यह कार्यक्रम वीआईपी रोड स्थित मधुबन फार्म में आयोजित है।

### बलौदाबाजार हिंसा में युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** बलौदाबाजार में हिंसा मामले में पुलिस ने खुर्सीपार से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के मुताबिक 10 जून को सतनामी समाज के आंदोलन के बाद उपजी हिंसा में युवक शामिल होने का पुलिस पुख्ता सबूत मिला। पुलिस उसी को आधार मानकर युवक को गिरफ्तार किया है। खुर्सीपार निवासी संतोष भारती 25 वर्ष नामक युवक को पुलिस ने पकड़ा है। जिसका सीसीटीवी और सोशल मीडिया से मिले वीडियो, फोटो के माध्यम से आरोपियों की शिनाख्त पुलिस कर रही है। घटना के बाद बलौदाबाजार कोतवाली पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस अब तक मामले में 176 को गिरफ्तार कर चुकी है। इस मामले संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

# 15 अगस्त के बाद कांग्रेस करेगी निकायों में सम्मेलन, जल्द जारी होंगे प्रभारियों के नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कांग्रेस आगामी नगरीय निकाय चुनावों की तैयारी में जुट गई है। 15 अगस्त के बाद प्रदेश के सभी निकायों में सम्मेलन होगा। इसमें सभी निगमों, पालिकाओं, नगर पंचायतों को शामिल किया गया है। प्रदेश कांग्रेस जल्द ही इसके लिए प्रभारियों की नियुक्ति करेगी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने सभी जिला अध्यक्षों को चुनाव की तैयारियों में जुटने के निर्देश जारी किए हैं।

प्रदेश में कांग्रेस ने पिछले निकाय चुनाव में अच्छी सफलता हासिल की थी। कांग्रेस के उसी प्रदर्शन को दोहराने प्रदेश अध्यक्ष स्वयं इन सम्मेलनों में शामिल होकर कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आगामी चुनावों के लिए विस्तृत कार्यक्रम तैयार किया है। आगामी नवंबर में होने वाले नगरीय नकायों के महापौर और नगर पालिका, नगर पंचायतों अध्यक्ष तथा जनपद पंचायत अध्यक्षों पर फोकस होगा। कांग्रेस ने उसके पूर्व ही सभी बूथ, जोन और सेक्टर कमेटियों को सक्रिय कर वहां पर राजनीतिक गतिविधियों को बढ़ाने पर जोर दिया है। चुनाव के ढाई माह पूर्व सभी निकायों में संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए निकाय सम्मेलन के माध्यम से लोगों के बीच पहुंचने का प्रयास किया जाएगा। बताया जाता है कि राज्य सरकार इस बार इन चुनावों की प्रक्रिया में परिवर्तन कर सीधे महापौर और अध्यक्ष चुनने का निर्णय ले सकती है। ऐसे में यह और महत्वपूर्ण होगा।

## दिल्ली दौरे पर बैज, संगठन के नामों पर लगेगी मुहर

### दिल्ली गए बैज, संगठन की सूची जल्द

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रदेश संगठन में बदलाव के संकेत दिए है। यहां पर डेढ़ दर्जन से अधिक जिला अध्यक्ष बदले जाएंगे। वहीं प्रदेश पदाधिकारियों की नियुक्ति भी की जाएगी। सभी की सूची तैयार कर एआईसीसी से मंजूरी लेने के बाद नामों का ऐलान होगा। वे इन दिनों दिल्ली दौरे पर हैं, जहां प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट से मिलकर इन नामों पर सहमति लेंगे। बताया जाता है कि संगठन में सक्रिय और उर्जावान लोगों को शामिल किए जाएगा। निष्क्रिय लोगों को पिछले चुनाव के परफार्मेंस के आधार पर बदला जाएगा।




### निकाय चुनाव के पहले होगा बदलाव

नगरीय निकाय चुनाव से पहले ब्लाक स्तर से लेकर जिलाध्यक्ष व प्रदेश स्तर के संगठन में बदलाव के संकेत मिले हैं। जुलाई माह में कांग्रेस के सीनियर नेताओं के साथ बैठक हुई जिसमें संगठन स्तर पर रणनीति, नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियां व आवश्यक बदलाव पर चर्चा की गई। विधानसभा और लोकसभा चुनाव हारने के बाद कांग्रेस निकाय चुनावों के माध्यम से वापसी के लिए रणनीति तैयार की थी। संगठन उस रणनीति के तहत सभी जिलों में लगातार काम कर रही है। बैठकों के बाद पीसीसी अध्यक्ष ने जो सूची तैयार की है उनमें डेढ़ दर्जन से अधिक जिला अध्यक्षों का बदला जाना तय है। नए जिला अध्यक्ष को लेकर ब्लॉक से लेकर बूथ स्तर के सक्रिय लोगों को लाने की तैयारी है।

**नितिन नवीन ने कहा-** सभी से नगरीय निकाय चुनाव के लिए अभी से जुटने के लिए कहा

# प्रभारी मंत्री अब जिलों में एक दिन जनता और कार्यकर्ताओं की सुनेंगे समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश की भाजपा सरकार के मंत्री कुशाभाऊ ठाकरे परिसर के सहायता केंद्र में सप्ताह में पांच दिनों तक तो जनता और कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुन रहे हैं, अब जिलों के प्रभारी मंत्रियों को भी जिलों में एक दिन इसी तरह से जनता और कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनने के लिए कहा गया है। भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने शनिवार को प्रदेश भाजपा के पदाधिकारियों की बैठक में नगरीय निकाय चुनावों में अभी से जुटने के लिए कहा है। बैठक में संगठन के कई कार्यक्रम भी तय किए गए। बैठक में श्री नवीन ने नगरीय निकाय चुनाव को लेकर सभी से चर्चा की और सभी से कहा, इस बार के नगरीय निकाय चुनाव में विधानसभा और लोकसभा की तरह कमल खिलाने का काम करना है। सभी को उसी तरह से मेहनत करनी है जैसे पिछले दो चुनाव में मेहनत की गई है।




### हर घर तिरंगा सहित कई कार्यक्रम तय

बैठक में तय किया गया 11 से 14 अगस्त तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में युवा मोर्चा की अग्रणी भूमिका हो। 13 से 15 अगस्त तक प्रत्येक कार्यकर्ता प्रत्येक घर एवं व्यावसायिक केन्द्रों पर हर घर तिरंगा फहराने हेतु अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने बैठक में कहा, 12 से 14 अगस्त तक महापुरुषों की प्रतिमा एवं स्मारकों के आस-पास स्वच्छता का अभियान चलाएं। 13 से 15 अगस्त तक महापुरुषों एवं भारत माता के वीर सपूतों की प्रतिमाओं एवं स्मारकों पर माल्यार्पण करें। श्री देव ने कहा, 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस है। भारत का विभाजन तथा अभूतपूर्व मानव विस्थापन एवं मजबूरी में पलायन की दर्दनाक कहानी है। इस अवसर पर संगोष्ठी, सम्मेलन करते हुए विभाजन के काले अध्याय को याद करते हुए लाखों की संख्या में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने का कार्यक्रम रखा जाएगा। सभी कार्यक्रमों की तैयारी और सफल आयोजन के लिए 8 से 10 अगस्त तक जिला एवं मंडल स्तर पर बैठकें होंगीं। श्री देव ने बताया, राष्ट्रीय ध्वज की उपलब्धता सभी डाकघरों के साथ-साथ अन्य बिक्री केन्द्रों पर रहेगी। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की और कहा कि केंद्रीय नेतृत्व द्वारा दिए गए कार्यक्रमों और हर घर तिरंगा अभियान को हमें बूथ स्तर तक जाकर सफल बनाना है। हर घर तिरंगा अभियान के प्रदेश संयोजक संजय श्रीवास्तव, विभाजन विभीषिका दिवस के कार्यक्रमों के संयोजक अनुराग सिंह देव, एक पेड़ मां के नाम के विषय पर सरला कोसरिया,लक्ष्मी वर्मा ने विस्तार से जानकारी रखी।

### सभी मंत्री भी जुटेंगे कार्यक्रमों में

बैठकों के बाद प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव ने बताया, एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम को तेज गति देने के लिए सभी मंत्रियों को अपने-अपने क्षेत्र के साथ प्रदेश भर में जुटने के लिए कहा गया है। हर घर तिरंगा अभियान में भी मंत्रियों की सहभागिता रहेगी। संगठन के कार्यक्रम बैठकों में तय किए गए हैं।

### ये रहे उपस्थित

बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा ने किया एवं आभार प्रदेश महामंत्री राम जी भारती ने किया। बैठक में मंत्री लखन लाल देवांगन, शिवरतन शर्मा, निर्मल सिन्हा, मधुसूदन यादव, सरला कोसरिया, उद्धेश्वरी पैकरा, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव,भरत लाल वर्मा, नंदन जैन, प्रबल प्रताप सिंह, अवधेश चंदेल, विकास महतो, ओजस्वी मंडावी, श्यामबाई साहू, नरेश गुप्ता, रजनीश शुक्ला, प्रदेश प्रवक्ता राजेश मूणत, संदीप शर्मा, रंजना साहू, अनुराग सिंहदेव, केदार गुप्ता, देवलाल ठाकुर, दीपक म्हस्के, अमित साहू, नलिनीश ठोकने, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल, शालिनी राजपूत, राकेश चंद्राकर, विकास मरकाम, नवीन मार्कंडेय, सौरभ सिंह, जगन्नाथ पाणिग्रही सहित भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

## माता के अंतिम संस्कार के बाद किया पौधारोपण



**डौंडी।** सेन समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं जनपद पंचायत डौंडी के उपाध्यक्ष पुनीत राम सेन और किशन सेन की माता लीला बाई सेन का रविवार को गृह ग्राम ढोरीठेम्हा के मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में सेन समाज के प्रबुद्धजन, पीयूष सोनी, रेवा रावटे,कोमेश कोर्राम, कैलाश राजपूत, कोमलेंद्र चंद्रकार, रविकांत देशमुख, तेजराम साहू सहित बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। उसके बाद उपस्थित परिजनों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अपनी दिवंगत माता की स्मृति में पौधारोपण किया।

### प्रयास विद्यालय के लिए विशाल व कान्हा का चयन



**डौण्डीलोहारा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मड़ियाकट्टा के दो छात्रों विशाल एवं कान्हा मण्डावी का प्रयास विद्यालय में चयन हुआ है। ये दोनों बच्चें काउंसिलिंग के बाद कोरबा प्रयास विद्यालय में पढ़ाई करेंगे। साथ साथ दोनों बच्चों का चयन राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा सह छात्रवृत्ति के लिए भी हुआ है। कक्षा नवमीं से बारहवीं पढ़ाई के दौरान अलग से प्रतिमाह एक हजार रुपए मिलेगा। राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर तथा शिक्षक परस राम साहू, दीनदयाल अटल, भूमिका मोवाड़े, नारदराम भुआर्य, सुनील कुमार आलेन्द, साधना सिन्हा, सरपंच सीमा मण्डावीं, उपसरपंच कमलेश्वरी टेभुर्ने, यशवंत मण्डावी, सुखेन्द्र सहारे, गिरवर सिंह कोलियारे फत्तेसिंह ठाकुर, रोहित कुमार टेभुर्ने, दिलीप कुमार तारम, आंनदराम मण्डावी, पालकगण एवं ग्रामीणों ने भी इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## डिप्टी सीएम शर्मा के सामने स्टील उद्योग ने रखा अपना पक्ष

### आज तकनीकी अधिकारियों के साथ फिर होगी बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



स्टील उद्योगों के एक प्रतिनिधिमंडल ने डिप्टी सीएम विजय शर्मा से मिलकर उनके सामने अपनी परेशानी और अपना पक्ष रखा है। अब एक बार फिर से तकनीकी अधिकारियों के साथ स्टील उद्योग के प्रतिनिधियों की चर्चा होगी। इसके बाद प्रदेश सरकार की तरफ से कुछ फैसला होगा। मिनी स्टील प्लांट एसोसिएशन के महासचिव मनीष घुप्पड़ ने बताया, फिलहाल स्टील उद्योग बंद हैं। प्रदेश सरकार से सार्थक चर्चा और किसी फैसले के बाद ही उद्योग प्रारंभ किए जाएंगे।

महंगी बिजली का हवाला देते हुए प्रदेशभर के स्टील उद्योगों ने सोमवार की रात से अपने उद्योग बंद कर दिए हैं। इसके बाद एक बार उद्योगों की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से चर्चा हो चुकी है, लेकिन इसमें कोई फैसला नहीं हो सका। मुख्यमंत्री श्री साय के साथ दो अगस्त को एक बार फिर से बैठक होने वाली थी, लेकिन यह बैठक नहीं हो सकी।

इसके बाद शनिवार को डिप्टी सीएम विजय शर्मा के साथ उद्योगों की बैठक हुई। इसमें डिप्टी सीएम को उद्योगों के प्रतिनिधिमंडल ने अपनी समस्या बताई। कुछ तकनीकी पहलुओं की भी जानकारी दी, जिसकी वजह से अब एक बार तकनीकी जानकार अधिकारियों के साथ रविवार को फिर से बैठक होगी।

# बारिश से धान फसल को कोई नुकसान नहीं, लग चुकी अन्य फसलों को भी फायदा, किसान पानी निकासी का रखें ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में सावन महीने में पहली बार लगातार पिछले दो सप्ताह से बारिश हो रही है। यह बारिश सब्जियों में कुछ प्रकार की फसलों को छोड़कर अन्य सभी प्रकार की फसलों के लिए लाभदायक है। हरिभूमि ने प्रदेश में लगातार हो रही बारिश का धान सहित अन्य फसलों पर कैसा असर पड़ेगा, इसे लेकर कृषि विशेषज्ञों से बातचीत की। इस बातचीत में पता चला कि बारिश अगर आगामी सप्ताहभर तक और भी जारी रही, तो इससे फसलों को नुकसान नहीं है। बारिश से सबसे ज्यादा धान फसल को लाभ होगा। अन्य फसलों को भी बारिश से नुकसान नहीं है, अगर किसान फसल लगे खेतों में पानी का भराव होने से बचा सकें। इसके लिए किसानों को खेतों में पानी निकासी की व्यवस्था रखनी होगी, क्योंकि खेतों में ज्यादा पानी का भराव होने पर ही फसलों को नुकसान हो सकता है।

**हरिभूमि ने लगातार बारिश से फसलों पर कृषि विशेषज्ञों से की बात**



### कीटनाशक दवाइयों के छिड़काव से बचें

कृषि वैज्ञानिकों का यह भी कहना है कि इस बार अच्छी बारिश हुई है और आगामी कुछ दिनों में मौसम खुल जाएगा, जिसके बाद धूप फसलों पर पड़ेगी। इस दौरान किसान बिल्कुल कीटनाशक दवाइयों का छिड़कांव नहीं करें। ऐसा करने से फसलों को नुकसान होगा।

### फलों की फसलों को फायदा, कुछ सब्जियों पर पड़ सकता है असर

वैज्ञानिकों का यह भी कहना है कि इस बारिश से सब्जियों और फलों की फसलों को भी फायदा है। उन्होंने कहा कि फलों की फसल जमीन से काफी ऊपर होती है, इसलिए फलों की फसलों को बारिश से कोई नुकसान नहीं है। हालांकि सब्जियों में कुछ ऐसी सब्जियों की फसल पर लगातार बारिश का असर पड़ सकता है, जिन्हें लगाए तीन-चार दिन ही हुआ हो। लगातार बारिश के कारण नए पौधे गलने लगते हैं, जिससे फसलों को नुकसान होगा।

### धान सहित रागी, कोदो, अरहर, मूंग फसलों के लिए बारिश वरदान

कृषि विशेषज्ञों ने कहा कि लगातार हो रही बारिश कृषि से संबंधित फसल जैसे धान, रागी, कोदो, अरहर, मूंग आदि फसलों के लिए वरदान है। जितनी ज्यादा बारिश होगी, उतनी ज्यादा अच्छी फसल होगी। उन्होंने कहा कि किसान बारिश होने के साथ खेतों में रोपा का काम कर रहे हैं। रोपा की अभी शुरुआत हुई है। जितनी बारिश होगी, रोपा के लिए अच्छी साबित होगी। हालांकि इसके लिए किसानों को सजग रहने की भी जरूरत है कि खेतों में ज्यादा जलभराव की स्थिति न बने और पानी की निकासी होती रहे।

### पानी निकासी नहीं होने से दिक्कत

लगातार हो रही बारिश सभी प्रकार की फसलों के लिए अच्छी है। किसानों को रखना होगा ध्यान खेत में पानी का भराव न हो, लगातार निकासी होती रहे।

- **डा. जीके दास**, कृषि विशेषज्ञ
इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय

### धान सहित अन्य फसलों के लिए फायदेमंद

बारिश धान, सोयाबीन, कोदो, अरहर सहित अन्य फसलों के लिए फायदेमंद है। खेतों में पानी की निकासी होती रहे किसानों को इसका ध्यान करना होगा।

- **आरके श्रीवास्तव**
संयुक्त संचालक, कृषि विभाग

### धूप से फसलों को मिलती है मजबूती

लगातार बारिश से फसलों को नुकसान नहीं बल्कि फायदा है। अगर आने वाले दिनों में भी बदली छाए भी रहती है तो इससे नुकसान नहीं है। धूप फसलों को सिर्फ मजबूती देने का काम करती है। इसलिए धूप न निकलने तो भी फसलों को नुकसान होने की संभावना कम है।

- **केएस पैकरा**, उप संचालक
उद्यानिकी विभाग रायपुर

# थोड़ी दिक्कतों से हो रहे हताश, दो महीने में 146 ने खाया जहर, 21 ने तोड़ा दम

**आंबेडकर अस्पताल की इमरजेंसी में हर दो दिन में पहुंच रहे पांच केस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

थोड़ी परेशानी अथवा नाकामी होने पर लोगों में जल्दी निराशा के भाव उत्पन्न हो रहे हैं और वे आत्मघाती कदम उठा रहे हैं।

आंकड़े चौंकाने वाले हो सकते हैं कि एक जून से 31 जुलाई के बीच आंबेडकर अस्पताल के इमरजेंसी विभाग में 146 लोग जहर खाकर पहुंचे और इलाज के दौरान 21 लोगों की जान नहीं बचायी जा सकी। विशेषज्ञों का तर्क है कि लोगों की सहनशक्ति कम हो चुकी और सफलता नहीं मिलने पर वे पैनिक होकर इस तरह के कदम उठा रहे हैं।

### अवसाद बन रहा बड़ी वजह

मनोस्वास्थ्य विशेषज्ञ डीएस परिहार के मुताबिक जहर खुरानी के ज्यादातर मामले आत्महत्या की कोशिश से जुड़े होते हैं। इसकी प्रमुख वजह अवसाद है, जो कई कारणों से होता है। किसी भी मामले में मिलने वाली नाकामी के बाद लोगों को महसूस होता है कि उन्हें तवज्जो नहीं दिया जा रहा है, तो वे इस तरह का कदम उठाते हैं।




आसपास के रहने वालों के स्वभाव में किसी तरह का बदलाव नजर आता है, तो उनसे इसका कारण जानकर समस्या का समाधान करना चाहिए।

जहर खुरानी से संबंधित यह प्रकरण केवल एक अस्पताल से संबंधित है। राज्य के अन्य मेडिकल कालेज, जिला और निजी अस्पताल के साथ अन्य हेल्थ सेंटर में भी आने वाले मामलों को अगर जोड़ा जाए, तो आंकड़ा बड़ा हो सकता है। मनोरोग से संबंधित विशेषज्ञों का तर्क है कि जहर खुरानी की घटनाओं में पांच प्रतिशत से भी कम केस एक्सीडेंटल होते हैं। ज्यादातर प्रकरण सुसाइडल अटैंप्ट के होते हैं। जब कोई शख्स विभिन्न कारणों से हताश हो जाता है और उसे ऐसा प्रतीत होने लगता है कि परिवार और समाज में उसे महत्व नहीं दिया जा रहा है, तो वह आत्मघाती कदम उठाता है। आंबेडकर अस्पताल में पहुंचे 50 फीसदी केस पारिवारिक विवाद से संबंधित हैं। घर में किसी बात पर पति-पत्नी अथवा अन्य रिश्तेदारों से होने वाले झगड़े के बाद आपा खोकर जहरीली वस्तु का सेवन आत्महत्या के लिए करते हैं।

शेष पचास प्रतिशत मामले कर्ज, प्रेम-प्रसंग, बीमारी, नशे की लत सहित अन्य कारणों से संबंधित होते हैं।

### मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना जरूरी

आंबेडकर अस्पताल के सीएमओ डॉ. विनय वर्मा के अनुसार बदलते समय में मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना जरूरी है। बच्चों को बचपन से ही जीवन के संघर्षों के लिए तैयार करने की आवश्यकता है। अपनी परेशानियों के बारे में अगर दूसरे से चर्चा की जाए तो उसका समाधान मिल सकता है। अस्पताल में जहर खुरानी के मामले अक्सर पहुंचते हैं, जिन्हें त्वरित इलाज उपलब्ध कराया जाता है।

# प्रदेश की कानून व्यवस्था बदतर, रोज औसतन 3 हत्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जब से राज्य में भाजपा की सरकार बनी है, राजधानी रायपुर में औसतन रोज तीन हत्या हो रही है।



ऐसा कोई दिन नहीं होता जब एक दो घटनाये न होती हो, अपराधी इतने बेलगाम हो गये है कि सरेआम सड़क पर दौड़ा-दौड़ा कर चाकू मार रहे पुलिस मूक दर्शक बनी रहती है। पूरे प्रदेश में नागरिको को भय के माहौल जीवन जीना पड़ रहा है। महिलाओं के प्रति अपराधों में बेतहाशा बढ़ोतरी हो गयी है। मासूम बच्चियों के साथ घृणित दुराचार की घटनाये बढ़ गयी। उन्होंने कहा, सात माह में प्रदेश में 500 से अधिक हत्याओं की घटना हो गयी है। 2000 से अधिक महिला अनाचार की घटनाये हुई है। राजधानी रायपुर में चार गोली कांड हो गया, लूट, चाकूबाजी, चैन स्नेचिंग तो रायपुर की पहचान बन गया है। राह चलते आम आदमी को चाकू मारा जाता है गुंडे अपराधी भी बेलगाम हो गये है। कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो गयी। भाजपा की सरकार बनने के बाद नागरिकों को भयमुक्त जीवन जीने का वातावरण देने में भाजपा सरकार विफल साबित हो गयी है।

## खबर संक्षेप



### नव युवा मित्र मंडल के सदस्यों ने लगाए पौधे

**जामगांव आर।** हरेली के पावन अवसर पर समाजसेवी संस्था नव युवा मित्र मंडल नेहरू युवा केंद्र दुर्ग जिला युवा अधिकारी नीति शर्मा के दिशा निर्देश पर छत्तीसगढ़ के प्रथम त्यौहार हरेली के पावन अवसर पर हरियाली का संदेश देते हुए बेल, आम, अमरूद, बड़गद पौधे लगाए गए। इसके साथ ही लोगों को भी पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर शिवराज यादव, भुवन लाल साहू, ढाल सिंह, लोकनाथ यादव, प्रेम शंकर साहू, छत्रपाल उपस्थित थे।

### नवयुवा दुर्गा उत्सव समिति गातापार के सदस्यों ने लगाए पौधे



**जामगांव आर।** नवयुवा दुर्गा उत्सव समिति गातापार में हरेली त्योहार के उपलक्ष्य में अध्यक्ष नोमेश कुमार साहू, उपाध्यक्ष गजेंद्र कुमार साहू द्वारा देवेंद्र साहू सहित युवाओं के साथ मिलकर पौधारोपण किया गया।

### मुंदेरा में हरेली के अवसर पर लगाए गए पौधे



**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम पंचायत मुंदेरा में हरियाली अमावस्या पर्व के पावन अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों द्वारा गांव के गौठान व रिक्त जगहों पर फलदार व छायादार पौधारोपण किया गया साथ ही उनके देखरेख व सुरक्षा का निर्णय लेते हुए स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दिया। इस अवसर पर सरपंच कमलेश साहू, उपसरपंच किलेश्वर साहू, ग्रामीण अध्यक्ष दिनेश धनकर, सभी पंच, मेट एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### अच्छी फसल की कामना से की पूजा

**गुरूर।** नगर सहित ग्रामीण अंचलों में छत्तीसगढ़ का प्रथम तिहार हरेली का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर किसान कृषि कार्य बंद कर सुबह अपनी मवेशियों को लोंदी खिलाई। इसके साथ ही कृषि कार्य में उपयोग आने वाले औजारों जैसे नांगर, रापा, कुदारी, बसुला, आरा, आरी, जुड़ा, कोपर, भंवारी की सफाई कर उनकी पूजा—अर्चना की गई। इस दौरान गुड़ और आटे से बने चीला का भोग लगाया गया। ग्राम ठेकवाडीह में बच्चों व युवाओं ने गेड़ी का आनंद लिया। ग्राम डोकला के किसान बंशीलाल यादव ने बताया कि हमारे प्रदेश का यह पहला त्यौहार किसानों के लिए उत्साह का रहता है। इस दिन हम किसान कृषि औजारों तथा देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर अच्छी फसल की कामना करते हैं।

### भाजपा शहर मंडल ने हरेली पर रखी मटकाफोड़ प्रतियोगिता

**बालोद।** भाजपा शहर मंडल ने हरेली के अवसर पर मटकाफोड़ का आयोजन किया और बच्चो ने गेड़ी चलाया। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्त्व के आह्वान पर भाजपा शहर मंडल बालोद द्वारा हरेली त्यौहार के पावन अवसर पर आज शहीद स्मारक मंच बुधवारी बाजार बालोद में मटकाफोड़ का आयोजन किया गया। जहां लगभग 80 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इस आयोजन से वार्ड के युवाओं में उत्साह का माहौल था, वहीं बच्चे गेड़ी दौड़ भी किये, इस अवसर पर शहर मंडल अध्यक्ष सुरेश निर्मलकर, पूर्व एल्डरमेन विनोद जैन, महेश पाठक, केके देवांगन, हरीश दुबे, सुशील आर्य, बसन्त साहू, राजा खान, लीलाधर साहू, अनुराग दुबे, द्वारिका सिन्हा सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### शहीद पंकज विक्रम वार्ड के संजय नगर स्कूल में जनसमस्या निवारण शिविर

# 4 वार्डों में लगाया शिविर, समस्याओं शिकायतों के आवेदन लेकर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- बारिश के बाद भी समस्या लेकर पहुंच रहे आवेदक
- रामकृष्ण परमहंस वार्ड के मंगल भवन कोटा में शिविर

राजधानी में शनिवार को जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के अंतर्गत शहर के 4 वार्डों में जन समस्या का निराकरण करने शिविर लगाया गया। इन शिविरों में 740 आवेदन अलग-अलग समस्या को लेकर प्राप्त हुए, जिसमें से 561 आवेदन का शिविर में निराकरण हुआ। सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक जनसमस्या सुनने निगम के अधिकारी, वार्ड पार्षद शिविर में मौजूद रहे। नगर निगम जोन 6 के शहीद पंकज विक्रम वार्ड के रहवासियों के लिए टिकरापारा स्थित शहीद संजय यादव स्कूल परिसर में जन समस्या निवारण शिविर लगाया गया। इसमें अपर आयुक्त विनोद पांडे, जोन अध्यक्ष निशा-देवेन्द्र यादव सहित जोन के अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर में नाम सुधार, नये राशनकार्ड बनवाने, निकास नाली निर्माण और सड़क मरम्मत, पीएम स्वनिधि फाइलिंग संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। नाम सुधार के 17 आवेदन आए, जिनका स्थल पर निराकरण किया गया। संपत्तिकर, आय, जाति प्रमाणपत्र, श्रमिक कार्ड, आधार कार्ड सुधार के लिए अलग-अलग काउंटर बनाये गये। इसी तरह स्वास्थ्य विभाग के स्टाल में आयुष्मान, स्वास्थ्य बीमा योजना के संबंध में लोगों को जानकारी दी गई। रामकृष्ण परमहंस वार्ड के मंगल भवन कोटा में लगाये गये शिविर में एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन, जोन कमिश्नर एके हालदार सहित वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। शिविर में महिलाओं ने बड़ी संख्या में श्रमिक कार्ड बनवाये।




**4 अगस्त को शिविर इन जगहों**

बालगंगाधर तिलक वार्ड के सियान सदन गुढ़ियारी, जोन 5 डॉक्टर खूबचंद बघेल वार्ड के चंगोराभाठा सांस्कृतिक भवन, मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड के डॉक्टर श्यामाप्रसाद मुखर्जी भवन मठपुरैना पानी टंकी के पास, जोन 10 के लेफ्टिनेंट अरविंद दीक्षित वार्ड के कंदकोट सिंधी धर्मशाला आदर्श नगर में जन समस्या निवारण शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक लगाया जायेगा।

# राष्ट्रीय रामकथा वाचक सम्मेलन में जिले से पुरुषोत्तम होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- गुजरात स्थित संत मोरारी बापू के आश्रम के लिए हुए रवाना




प्रतिवर्ष तुलसी जयंती पर विश्वप्रसिद्ध रामकथा के पुरोधा संत श्री मोरारी बापू जी के आश्रम में आयोजित राष्ट्रीय रामकथा वाचक सम्मेलन और सम्मान समारोह में चयनित होकर बालोद (बेलमांड) निवासी प्रखर मानस प्रवक्ता (वेदांत) पुरुषोत्तम सिंह राजपूत मानस मणि संत मोरारी बापू जी के आश्रम महुआ (गुजरात) रवाना हुए।

छत्तीसगढ़ प्रांत से इस सम्मेलन के लिए श्री राजपूत के अलावा पीला राम शर्मा कपसदा, रामराजेश साहू अहिवारा और संत मोरारी बापू जी के शिष्य मनसुख राम साहू मुसरा(डोंगरगढ़) का भी चयन हुआ है। पांच दिवसीय कार्यक्रम में प्रतिवर्ष पूरे देशभर राम कथा वाचकों को चयनित कर आमंत्रित किया जाता है। विश्व प्रसिद्ध रामकथा के पुरोधा मोरारी बापूजी के समक्ष कथा प्रस्तुति होती है। उसके बाद बापू जी स्वयं अपने हाथों से उन्हें सम्मानित करते हैं। देश के नामी गिरामी कथा वाचक इस कार्यक्रम में सम्मान प्राप्त कर चुके हैं। इस उपलब्धि के लिए आंजनेय नन्दन सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर सेवा समिति बेलमांड के पदाधिकारियों राजपूत क्षत्रिय समाज की ओर से कवि पुस्कर सिंह राजपूत, जयकरण सिंह परिहार, लादूसिंह मोकावट, तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ प्रांत अध्यक्ष गोपाल वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश प्रसाद देशमुख, प्रांत कार्यकारिणी मोहन लाल यादव, प्रतिष्ठान के तहसील अध्यक्ष बीआर बेलसर, पंडित मनोज शर्मा, महर्षि मुक्ताश्रम लोकसेवा न्यास के सभी पद्दाधिकारियो सहित क्षेत्र के मानस जगत से जुड़ी हस्तियों मनास मंडिलियों ने पुरुषोत्तम सिंह राजपूत को जिले का सम्मान ऊंचा करने बधाई प्रेषित की है।

# खपराभाट ,खैरकट्टा, कमकापार शुरू हुई बाल संस्कार शाला





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में ब्लॉक के ग्राम खपराभाट ,खैरकट्टा, कमकापार में बाल संस्कार शाला का शुभारंभ किया गया।

इसका उद्देश्य बच्चों में खेल खेल में नैतिक शिक्षा व आध्यात्मिक शिक्षा देना है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पदुम लाल माहला वरिष्ठ नागरिक ने अपने उदबोधन में कहा कि बच्चे संस्कारित होकर समाज एवं राष्ट्र को नई दिशा प्रदान करेंगे। भोला राम साहू ने कहा कि आप सभी बच्चे आचार्य के द्वारा दी गई शिक्षा को अपने दैनिक जीवन में उतार कर जीवन लक्ष्य को प्राप्त करे। वीरेंद्र अजनबी ने कहानी के माध्यम से संस्कार को अच्छे से बच्चों को समझाया । प्रज्ञा पीठ से वीरेंद्र साहू ने गीत गाकर बच्चों को सुनाया व अपने अपने माता पिता को प्रति दिवस चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। संस्कार शाला के जिला संयोजक मिलन सिन्हा ने सभी पालकों से आग्रह करते हुए कहा की बच्चो में संस्कार शाला के साथ साथ घर पर भी अनुकूल वातावरण बनाएं जिससे बच्चे संस्कारित होकर समाज,देश, राष्ट्र का नाम रोशन करें।

संस्कार शाला के आचार्य वीणा, झामेश, मेघा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में लूणकरण ठाकुर, पीलू राम साहू, दौलत राम साहू ,नरबदिया बाई, बोधनी बाई, दशरी माहला की उपस्थिति रही।

# प्रगति विद्यालय में पालक समिति गठति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा




डौण्डीलोहारा शिक्षण संस्था द्वारा संचालित प्रगति उ.मा. विद्यालय डौण्डीलोहारा में शासन के निर्देशानुसार पालक समिति का गठन किया गया। विद्यालय संचालन समिति के सदस्य ललित सिंह गौर ने बताया विद्यार्थियों का संपूर्ण व्यक्तित्व विकास हमारा उद्देश्य है।

इसे पूरा करने के लिए पालक, विद्यार्थी एवं शिक्षकों का निरंतर संपर्क बनाएं रखने हेतु समिति का गठन किया जा रहा है। पालकों द्वारा सर्वसम्मति से पालक समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष मुकेश कुमार देशमुख बड़गांव, उपाध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास डौंडीलोहारा,सचिव राजकुमार देवांगन प्राचार्य प्रगति विद्यालय, कार्यकारिणी सदस्य प्रीति सोनी डौंडीलोहारा, दशरथ साहू सिरपुर, सियाराम पटेल चिल्हाटीकला, हेमलता साहू ,अवध पटेल , धर्मेंद्र सेन बनाये गये।इस अवसर पर उपस्थित पालकों ने अपने विचार रखें । टॉक मेडम प्रधान अध्यापिका ने पालकों द्वारा खेल-खेल में बच्चों को घर में कैसे पढ़ा सकते हैं इसकी जानकारी दी।बी एस यादव व्याख्याता ने कहा स्क्रीन टाइम तथा मोबाइल के अधिक उपयोग के कारण बच्चे स्कूल में पढ़ाई गई चीजों का घर में अभ्यास नहीं कर पा रहे हैं । टीवी, मोबाइल पूरी तरह बंद नहीं कर सकते लेकिन इसके उपयोग समय को सीमित करना जरूरी है । इस अवसर पर आर एस गंजीर ,पी आर सोनकली, यू के सिन्हा,ममता गौर,सुश्री छेदाम मैडम, प्रिया शर्मा,अनिल यादव, वाई के निषाद,युवराज पटेल आदि शिक्षक शिक्षिकाएं एवं पालकों में धिराजी राम, प्रीति सोनी, तिलेश सोनी, खेमलता सोनी , यशोदा मेश्राम, दानवेन्द्र सेन , अवध पटेल, गोपी राम साहू आदि उपस्थित थे ।

### हरेली पर की कृषि औजारों की पूजा, मचाई गेड़ी

**जामगांव आर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जामगांव आर मंडल अध्यक्ष नारद साहू ने हरेली तिहार में कृषि औजारों की पूजा की। उसके बाद वे गेड़ी मचते हुए अपने गांव धमना में निकल पड़े। उन्होंने कहा कि गेड़ी विलुप्तता की कगार की ओर है, लेकिन मुझे बचपन की याद को ताजा करने और नई पीढ़ी का सुंदर अवसर हरेली तिहार में मिला है।



# बच्चों के लिए लगा मंत्र औषधि स्वर्ण प्राशन संस्कार शिविर



**बालोद।** नगर में संचालित किसलय होम्यो एवं आयुर्वेद एजेंसी संस्कार परिसर दल्ली रोड बालोद में पिछले माह से प्रारंभ हुई मंत्र औषधि स्वर्ण प्राशन संस्कार शिविर इस बार भी आज चार अगस्त को रविपुष्य योग दर्श अमावस्या पर निर्धारित समय पर प्रारंभ हुई। पिछली बार जिन 55 बच्चों को मंत्र औषधि पिलाई गई थी, उनमें से कुछ की अनुपस्थिति रही लेकिन ग्रामीण आंचल से भंडेरा, भेड़ी, सोरर, बेलमांड, सिवनी, सहित बच्चों के शारीरिक विकास के लिए पालकों ने जागरुकता दिखाई। इस निःशुल्क स्वर्ण प्राशन शिविर में 50 बच्चों को मंत्र औषधि स्वर्ण प्राशन संस्कार किया गया। प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य पुरुषोत्तम सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में गव्य सिद्ध मनीष दास, टेमिन, कृपा पटेल ने सेवा दी।

# धनेली स्कूल के पास किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

हरेली पर्व पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्राम पंचायत धनेली स्कूल के पास पौधारोपण किया गया। जिसमें जनपद उपाध्यक्ष तोशण साहू के साथ जनभागीदारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के साथ स्कूल शिक्षक, शिक्षिकाओं के साथ ग्रामीण उपस्थित थे। तोशण साहू ने कहा आज पौधारोपण करने के साथ उसके संरक्षण व उसे पेड़ के रूप में विकसित होते तक खाद दवाई पानी देने की आवश्यकता है, जिसे रोपे गए पौधे पेड़ का रूप ले सके, आज समय की मांग है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने आने वाली पीढ़ी की सुरक्षा व स्वथ जीवन के लिए पर्यावरण रक्षा करने का दायित्व का निर्वहन करना होगा।




# वाणी का उपयोग कब, कहाँ और कैसे करें, समझना आवश्यक

## संत ऋषभ सागरजी म सा ने बताया वाणी का महत्व

**बालोद।** संसार का सबसे समझदार प्राणी मनुष्य, जिसे हर चीज की उपयोगिता मालूम है वो ये कैसे भूल जाता है कि वाणी का उपयोग कब, कहाँ और कैसे किया जाना चाहिए।

संत ऋषभ सागरजी म सा ने अपनी प्रवचन श्रृंखला हम स्वर्ग धरा पर लाएंगे को आगे बढ़ाते हुए वाणी पर अपना उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि वाणी ऐसी हो कि जिसमे अमृत बरसे, फिर से मिलने को जिसे अंतर्मन तरसे, वाणी या शब्द की ताकत इतनी होती है कि वो जख्म भी दे सकता है और मलहम का काम भी कर सकता है। वाणी ही अशान्ति का कारण बन सकता है तो शान्ति भी स्थापित की जा सकती है।



इसलिए बोलने से पहले सोचें। किसी व्यक्ति में बहुत सी अच्छाइयां हों, किन्तु वाणी में कटुता हो तो उसकी सारी खूबियां ढंक जाती है। मधुर वचन सबको अच्छा लगता है, अपने आनंद के लिए किसी का उपहास उड़ाना, बदनाम करना, एक तरह की प्रताड़ना है।

### वैचारिक पतन की पहली सीढ़ी उपहास है

संत श्री ने कहा कि वैचारिक पतन की पहली सीढ़ी उपहास है। आज के समय में देखा जा रहा कि लोगों की संवेदनाएं कम होती जा रही हैं, जो कि मानवीय गुण है। मशीनों में संवेदनाएं नहीं होतीं, आत्मावलोकन करें, कहीं हम भी तो वैसे नहीं। उन्होंने कहा कि शब्द जोड़ने और तोड़ने दोनों कार्य करते हैं, दूरियाँ बढ़ने का कारण शब्द ही होते हैं। संवेदनशील बनें, शब्द चोट न पंहुचाएं इन बातों को आत्मसात करें। अपनी कोई गलत आदत हो तो उनमें सुधार लाएं, सुधरने की कोई उम्र नहीं होती, जब जागे तब सबेरा। संभवनाथ जैन मंदिर में 68 दिवसीय इक्तिसा जाप निरंतर चल रहा है।

### कलेक्टर चंद्रवाल ने की कृषि उपकरणों की पूजा

# उन्नत कृषि यंत्रों के उपयोग से कृषकों को मिलेगी सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- दंतेश्वरी मैय्या सहकारी शक्कर कारखाना करकाभाट में आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल




कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि उन्नत कृषि यंत्रों के उपयोग से गन्ना उत्पादक कृषकों को खेती में काफी ज्यादा सहयोग मिलेगा। कलेक्टर चन्द्रवाल ने जिले के दंतेश्वरी मैय्या सहकारी शक्कर कारखाना करकाभाट में हरेली के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए थे।

कारखाना प्रबंधक ने बताया कि कारखाना प्रबंधन द्वारा प्रत्येक विकासखण्ड के गन्ना उत्पादक किसानों के उपयोग के लिए गन्ना खेती में प्रयोग में लाए जाने वाले 08 प्रकार के कृषि उपकरण रोटावेटर, प्लाउ, पंजा प्लाउ, पॉवर स्पेयर पॉवर विडर रेटुन मेनेजर एवं बर्ड कटर (हस्त चलित) क्रय किया गया है। कलेक्टर चन्द्रवाल ने कारखाना परिसर में क्रय किए गए कृषि यंत्रों की पूजा अर्चना कर कृषकों के उपयोग के लिए समर्पित किया। कारखाना प्रबंधक ने बताया कि क्षेत्र में लघु एवं सीमांत कृषकों की संख्या अधिक है। जिनके पास गन्ना खेती हेतु उन्नत कृषि यंत्रों का अभाव है। इससे इस क्षेत्र के लघु एवं सीमांत कृषकों के पास गन्ना खेती हेतु यंत्रों के अभाव में महंगे दर पर यंत्र किराया पर लेने से कृषि लागत में वृद्धि होती है, साथ ही कृषि उपकरण के अभाव में खेती करने में समस्या हो रही है।

### कृषि यंत्रों से लागत में आएगी कमी

गन्ना क्षेत्र विस्तार के लिए जिले के प्रत्येक विकासखंड में क्षेत्र के कृषकों के लिये कृषि यंत्र उपलब्ध कराने से लघु एवं सीमांत कृषकों को गन्ना खेती लागत में कमी होगी और कृषकों की गन्ना खेती के प्रति रुचि बढ़ेगी। जिससे कारखाना को पर्याप्त गन्ना मिलेगा और कृषकों की आय में भी वृद्धि होगी। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे, प्रबंध संचालक राजेन्द्र प्रसाद राठिया, महाप्रबंधक एलके देवांगन, मुख्य गन्ना विकास अधिकारी हाकिम सिंह, चीफ केमिस्ट चंद्रजीत सिंह प्रभारी चीफ इंजीनियर केपी. सिंह सहित बड़ी संख्या में कृषक मौजूद थे।

# जिले के पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों ने लगाए 220 पौधे



**बालोद।** बालोद पुलिस द्वारा छत्तीसगढ़ के प्रथम त्यौहार हरेली के अवसर पर 220 पौधे लगाए गए। पुलिस अधीक्षक बालोद समेत समस्त अधिकारी कर्मचारियों ने पर्यावरण को हरा भरा बनाए रखने बारिश के मौसम में स्वयं पौधारोपण कर आम जनों को भी पौधे लगाने और उनकी सुरक्षा करने का संदेश दिया। राजपत्रित अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा पुलिस लाईन परिसर में 220 पौधे लगाए गए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी, डीएसपी नवनीत कौर, डीएसपी राजेश बागड़े, डीएसपी बोनिफास एक्का, रक्षित निरीक्षक रेवती वर्मा, ट्रेफिक प्रभारी राकेश ठाकुर व रक्षित केंद्र के समस्त बल सम्मिलित हुए।

## खबर संक्षेप



### जंजगिरी में किया गया पौधारोपण

**अंडा।** छत्तीसगढ़ के प्रथम त्यौहार हरेली के पावन पर्व पर दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत जंजगिरी में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत दुर्ग अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख सरपंच रेखा अजय चतुर्वेदी एवं तरुण देशमुख सहायक संचालक नया रायपुर के नेतृत्व में जंजगिरी में डुमराही तालाब, सड़क किनारे एवं भांठा खार सड़क किनारे पौधारोपण किया गया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को नीम का पौधा सरपंच रेखा चतुर्वेदी द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर मंजू देशमुख पँच, सुनीता साहू पँच, तामेश्वरी यादव पँच, मंजू फलित देशमुख, सचिव नेवेन्द्र कुमार यादव, प्रदीप देशमुख, पंकज देशमुख, अजय साहू, दीपक कुमार, चित्रसेन, कमल नारायण ठाकुर, दिलीप, नेमन एवं लक्ष्य मैदान अंडा से युवराज देशमुख, निलेश देशमुख, खुशी, दीपेश ने 71 पौधे लगाए।

### भरदाखुर्द में शीतला तालाब के किनारे किया पौधारोपण



**गुण्डरदेही।** छत्तीसगढ़ के पहले त्योहार हरेली के अवसर पर ग्राम भरदाखुर्द के शीतला तालाब के किनारे पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर पूर्व जनपद उपाध्यक्ष हेमंत साहू, उपसरपंच दशरथ साहू, भाजयुमो उपाध्यक्ष डिलेन्द्र कुमार साहू, बूथ अध्यक्ष सतीश साहू, तुलेश्वर साहू, आयुष साहू उपस्थित थे।

### विधायक संगीता ने बोड़रा में लगाए पौधे



**गुरूर।** ग्राम बोडरा में विधायक ने हरेली के दिन एक पेड़ अपनी माँ के नाम रोपित किया और अपनी मां से आशीर्वाद लिया। छत्तीसगढ़ के पहले पर्व हरेली पर विधायक संगीता सिन्हा अपने मायके ग्राम बोड़रा पहुंचीं। विधायक संगीता सिन्हा ने हरेली के दिन पौधे लगाने की परंपरा को एक नया रूप देते हुए अपने मां के नाम एक पौधा लगाया तथा इसे अपने मां के नाम समर्पित किया। विधायक संगीता सिन्हा बीते एक माह में वर्षा ऋतु के प्रारंभ होने के बाद से लगातार स्वयं पौधा रोपण कर रही हैं। इसके साथ ही लगाए गए पौधों को सुरक्षित रखने की व्यवस्था भी कर रही हैं।

## पर्व : बारगांव में पारंपरिक रूप से, उत्साह के साथ मनाया गया हरेली त्योहार

# किसानों ने कृषि उपकरणों की पूजा कर चढ़ाया चीला का भोग, बच्चों ने लिया गेड़ी का आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

छत्तीसगढ़ का पारंपरिक त्यौहार हरेली पर्व बारगांव में रविवार को मनाया गया। गांवों में किसानों द्वारा कृषि कार्य में उपयोग में आने वाले हल सहित अन्य औजारों की साफ सफाई कर पूजा अर्चना की गई। इस दरमियान भाजपा जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा ने अपने घर के पुस्तैनी किसानी औजार जैसे हल, फावड़ा, कुदाली, हंसिया, एवं खेती किसानी के अन्य छोटे बड़े औजार को साफ सुथरा धोकर, गोबर से लिपे पुतेऔर रंगोली से सजे आंगन में रखकर पूजा की। हरियाली त्यौहार को लेकर बच्चों एवं किसानों में खासा उत्साह देखने को मिला। बच्चों द्वारा लकड़ी से बने गेड़ी चढकर हरेली त्यौहार मनाया तो वहीं युवाओं ने नारियल फेंककर दांव लगाया।

### गौवंश को खिलाई लोंदी

हरेली के अवसर पर ग्रामीणों ने मवेशियों को आटे की लोंदी खिलाई। आटे को गूंथकर उसमें जड़ी-बूटियां मिलाकर मवेशियों को खिलाया जाता है। यह दवा राउत लोग जंगलों से लाई जड़ी-बूटियों को मिलाकर विशेष प्रकार से तैयार करते हैं। लोंदी खिलाने के पीछे उद्देश्य यह है कि मवेशियों को बरसात के मौसम में होने वाले विभिन्न रोगों से बचाया जा सके।

### नीम पत्ती द्वार पर लगाने की परंपरा

हरेली के पर्व में गांव -गांव घर -घर के द्वार पर नीम की टहनियां को टांगने का रिवाज है। इसके पीछे एक बड़ा कारण यही है कि बरसात के मौसम में विविध प्रकार की बीमारियां का जन्म और फैलाव होता है। ऐसी बीमारियों को जन्म देने वाले कीटाणु को मारने की ताकत नीम की पत्ती में होती है, यह पत्ती संक्रमण को रोकने और प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में भी सहायक है, अतः हरेली पर्व पर नीम की पत्तियां लगाने की प्रथा अत्यंत पुरानी है । इस दृष्टि से हरेली का त्योहार पेड़ पौधों की भी सुरक्षा और मानव जीवन में स्वच्छ




पर्यावरण की उपादेयता को भी बताता है।

### चौखट पर कील ठोकने का रिवाज

हरेली पर्व के दिन घर -घर के बाहर दरवाजे के चौखट पर गांव के लोहार द्वारा कील ठोकने की भी प्रथा है। इसके पीछे एक बड़ा राज यही छुपा हुआ है कि वर्षा काल में बरसते बादल और बिजली गिरने का बड़ा खतरा होता है। ऐसी आकाशीय बिजली को लोहे से निर्मित वस्तुएं अपनी और खींच कर जमीन में समाहित कर देती हैं, जिससे जीव जंतुओं पर बिजली गिरने का खतरा कम हो जाता है। हालांकि आज के जमाने में अब अधिकांश घरों में लोहे से निर्मित खिड़की ग्रिल दरवाजे लगाने का प्रचलन है, इसीलिए अब चौखट पर कील ठोकने की प्रथा भी लगभग समाप्त हो चली है। लेकिन अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में ये प्रथाएं अभी भी जारी हैं, जो यह बताती हैं कि हमारे प्राचीन परंपराएं वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित हैं, और हमारे लिए लाभदायक हैं। इन परंपराओं को हमारे पुरखों ने अपने व्यावहारिक ज्ञान के बूते आजमाया है।

## किसानों ने हल सहित अन्य कृषि उपकरणों की पूजा की

**नवागढ़।** नगर सहित आसपास के गांवों में छत्तीसगढ़ का पारंपरिक त्यौहार हरेली मनाया गया। गांवों में किसानों द्वारा कृषि कार्य में उपयोग में आने वाले हल सहित अन्य औजारों की साफ सफाई कर पूजा अर्चना की गई। हरियाली त्यौहार को लेकर बच्चों एवं किसानों में खासा उत्साह देखने को मिला। बच्चों द्वारा लकड़ी से बने गेडी. चढकर हरेली त्यौहार मनाया तो वहीं युवाओं ने नारियल फेंककर दांव लगाया। त्यौहार के चलते नगर की सड़के वीरान नजर आई। नगर के अधिकांश व्यापारी वर्ग ने एक दिन छुट्टी मनाई। परिवार के साथ पिकनिक स्पॉट या मूवी देखकर त्योहार का आनंद उठाया।

नवागढ़ नगर सहित आसपास के ग्राम मारो, दाढ़ी, अँधियारखोर, मुरता, नांदघाट, प्रतापपुर, गाड़ामोर, झाल,गोड़ीकला, सम्बलपुर, रनबोड,बदनारा, छिरहा, नेवशा, बाघुल, मोहतरा, बोरतरा, नांदल सहित पूरे क्षेत्र में हरेली त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। उल्लेखनीय है कि यह त्यौहार मुख्य रूप से किसानों से जुड़ा हुआ है। इसमें किसान खेती में उपयोग होने वाले हल, बैल की तरह औजार जो खेती बड़ी में काम आते हैं, सभी की पूजा करते हैं। यह छत्तीसगढ़ का त्योहार है, जिसे किसान परिवार बड़ी धूमधाम से मनाते हैं। हरेली पर सभी घरों में गुड़ का चीला बनाया जाता है। हरेली के दिन ज्यादातर लोग अपने कुल देवता और ग्राम देवता की पूजा करते हैं। श्रावण कृष्ण पक्ष की अमावस्या हरेली के दिन गांव-गांव में लोहारों की पूछ-परख बढ़ जाती है। इस दिन लोहार हर घर के मुख्य द्वार पर नीम की पत्ती लगाकर व घरों के चौखट में कील ठोंककर आशीष देते हैं।





### मां शीतला मंदिर प्रांगण में किया गया पौधारोपण



**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ के प्रथम त्यौहार हरेली पर्व पर शहर के वार्ड नंबर 13,14 स्थित मां शीतला मंदिर परिसर में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने पौधे लगाए। विधायक दीपेश साहू के संकल्प हरियर बेमेतरा के अनुरूप प्रकृति मां की गोद को हरा भरा करने के प्रयास एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आह्वाहन में एक पेड़ मां के नाम ग्राम सिघौरी के किसान,नगर वासियों ,युवा समाजसेवी संस्था की मौजूदगी में वृहद पौधारोपण किया गया । इस दौरान एक पेड़ मां के नाम के प्रभारी राजू देवांगन ,युगल देवांगन महामंत्री शहर मंडल बेमेतरा,किसान अध्यक्ष भानु साहू, दोहई वर्मा ,दाऊ नरेश साहू, जकल वर्मा ,युवा संस्था अध्यक्ष पोषण वर्मा, सौरभ वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बेमेतरा को बनाएंगे ग्रीन सिटी : दीपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत बेमेतरा के वार्ड क्र.16 सिंघोरी स्थित मुक्तिधाम में हरेली त्यौहार के अवसर पर नगर पालिका बेमेतरा की ओर से पौधारोपण कार्यक्रम का

■ सिंघोरी स्थित मुक्तिधाम में पौधारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक

आयोजन किया गया।कार्यक्रम में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने स्वयं एक पौधा लगाकर जिलेवासियों को भी पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान नगर पालिका की ओर से सभी अतिथियों को स्मृतिचिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। वहीं, बेमेतरा के सहयोगी संस्था को भी विधायक दीपेश साहू ने सम्मानित किया। उसके बाद विधायक साहू नारियल फेक खेलकर हरेली तिहार का आनंद लिया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक दीपेश ने कहा कि पौधारोपण करने से पर्यावरण को संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है। पौधारोपण से न सिर्फ केवल हवा की गुणवत्ता में सुधार आता है, बल्कि ध्वनि प्रदूषण को भी कम करने में सहायता मिलती है। इस दौरान कार्यक्रम में विधायक दीपेश साहू सहित उपस्थित समस्त नागरिकों ने पौधे लगाए।

इस मौके नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगतराम साहू उपाध्यक्ष पंचू साहू पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा शहर मण्डल अध्यक्ष मोंटी साहू राजू देवांगन ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष नगर पालिका सीएमओ भूपेंद्र उपाध्याय पार्षद प्रवीण नीलू राजपूत नीतू पार्षद कोठारी पार्षद सजनी यादव लक्ष्मी लहरे देवराम साहू पार्षद विकाश तम्बोली धर्मेंद्र साहू डॉ विनय साहू गौरव साहू राकेश मोहन शर्मा रोहित साहू पूर्व एल्डरमेन ओमकार साहू डॉ नरेश साहू कमलेश वर्मा राजीव तम्बोली तोरण राजपूत तुषार साहू प्रेमी मण्डल गिरवर साहू दूकलहा साहु टिकेश्वर साहू राकेश चौबे डोमन यादव टाके साहू ओमप्रकाश साहू.सहयोग के सदस्य रमन काबरा सुशील शर्मा रामा मोटवानी राजकुमार साहू डॉ लालाराम साहू संतोष चांडक संतोष चौहान संतोष विश्वकर्मानरेश साहू भगवती प्रसाद साहू गैद लाल साहू नलेश्वर साहू लक्ष्मीनारायण साहू शशि सचदेवा हसन कादरी राज सिन्हा संजू भूतडा गिरीश मिश्रा टोपेन्द्र सिँह लव सिन्हा सहित नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।



### सहयोगी संस्था की सराहना

दीपेश साहू ने कहा कि बेमेतरा की सहयोगी संस्था ने 24 वर्षों से अनवरत जो पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन को लेकर जिस तरीके से पौधारोपण का कार्य किया जा रहा उनका यह कार्य अविस्मरणीय और प्रशंसनीय है। हम सभी मिलकर सहयोगी संस्था का सहयोग करें और आगामी वर्षों में बेमेतरा को एक ग्रीन सिटी में बदल दें। उन्होंने कहा कि संस्था जहां चाहेगी वहां पौधे लगाएंगे और हम सब मिलकर उनकी सुरक्षा करेंगे।

# जु जित्सू वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए राणा वसुंधरा का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्रीस, यूरोप में होने वाली जु जित्सू वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में राजनांदगांव जिले की राणा वसुंधरा का चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से जु जित्सू एसोसिएशन ऑफ़ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा, महासचिव राणा अजय सिंह, कोषाध्यक्ष सुरेश शांडिल्य ने सौजन्य मुलाकात की। डॉ रमन सिंह ने आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी। जु जित्सू खेल में छत्तीसगढ़ की इस उपलब्धि पर भारतीय जनता पार्टी जिला बालोद के जिला अध्यक्ष पवन साहू, बाल संरक्षण आयोग भारत सरकार के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव, भाजपा नेता एवं बालोद जिला एथलेटिक संघ के अध्यक्ष सौरव लुनिया, उपाध्यक्ष नितिन यादव, संरक्षक राजेश सोनी, कोषाध्यक्ष मिथलेश चंदन, कोषाध्यक्ष रामेश्वर साहू ने हर्ष व्यक्त किया।

# महिला वार्ड में जाने से मना किया तो की मारपीट, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

इलाज कराने के नाम पर महिला वार्ड में घुस रहे दो युवकों को अस्पताल के चपरासी ने रुकने कहा तो दोनों युवकों ने चपरासी के साथ गाली गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। इस घटना को लेकर चपरासी ने अर्जुन्दा थाना में मारपीट करने वाले रितेश व एक अन्य युवक के नाम से शिकायत की है। मिली जानकारी के अनुसार अर्जुन्दा में स्थित सीएचसी में 30 जुलाई की रात करीब 9:30 बजे अर्जुन्दा निवासी रितेश उर्फ गोरिया और उसका एक साथी दोनों अस्पताल में घुसे और महिला वार्ड की ओर जाने लगे। इस दौरान अस्पताल के चपरासी मनेश कुमार यादव ने दोनों युवक को महिला वार्ड की ओर जाने से मना किया। इतने में दोनों युवक आक्रोशित होकर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। मारपीट में घायल चपरासी ने अर्जुन्दा थाना में शिकायत की। चपरासी की शिकायत के बाद पुलिस ने दोनों युवकों पर मारपीट की धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

### नारागांव में पुल और सड़क के कारण बढ़ी दुर्घटना की आशंका

**बालोद।** ग्राम सांकरा (क) से बड़भूम मार्ग पर ग्राम नारागाँव में सड़क पर बना पुल जर्जर हो चुका है, जो कभी भी बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है। लेकिन संबंधित विभाग द्वारा पुल की मरम्मत नहीं किए जाने के कारण खतरा मंडरा रहा है। ग्राम नारागाँव से होकर गुजरने वाली सड़क पर हाई स्कूल के पास एक पुल में पानी दबाव बहुत ज्यादा और ओवरफ्लो होने के कारण जर्जर पुल टूट चूका है। वहीं, पानी का बहाव लगातार होने के कारण सड़क भी जर्जर हो चुका है। सड़क पर पानी के बहाव के कारण पुल में गड्ढे नजर आने लगे हैं।

# अहाता संचालक के खिलाफ मारपीट करने का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शराब दुकान के पास स्थित अहाता संचालक के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार शराब पीने दो व्यक्ति अहाता पहुंचे थे, जहां पुरानी व जर्जर हो चुकी कुर्सी पर बैठे थे।

इस दौरान एक कुर्सी टूट गई। कुर्सी टूटने पर अहाता संचालक ने शराब पी रहे व्यक्तियों से 1500 रुपए मांगे। इस पर शराब पी रहे व्यक्ति ने 300 रुपये ही होने और उसे ही देने की बात कही। लेकिन अहाता संचालक ने शराब पीने वाले व्यक्ति की मोटरसाइकिल को जबर्दस्ती छीन ली। उसके बाद मामला देवरी थाना तक पहुंच गया।

■ शराब पीने के दौरान टूट गई कुर्सी, गालीगलौज कर मारपीट का लगा आरोप

गहिरानवागांव निवासी गोलूराम निर्मलकर ने शिकायत करते हुए बताया कि 1 अगस्त को देवरी अंग्रेजी शराब में शराब लेकर ग्राम देवरी के ही राधेश्याम राजपूत के अहाता में बैठकर शराब पी रहे थे। इस दौरान एक पुरानी कुर्सी टूट गई।

जिसके बाद अहाता संचालक राधेश्याम राजपूत ने टूटी कुर्सी के बदले 1500 रुपये मांगे। लेकिन गोलूराम ने अपने पास केवल 300 रुपए होने और उसी को देने की बात कही। इसी बात पर आक्रोशित राधेश्याम राजपूत ने गोलू की बाइक की चाबी छीन ली और बाइक को भी छीन लिया। इस घटना के बाद गोलूराम की रिपोर्ट पर देवरी पुलिस ने अहाता संचालक के खिलाफ धारा 304(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पेज 9 के शेष

### दुर्ग-बेमेतरा सड़क ...

करने के लिए लाखों-करोड़ों रुपये के फ़ंड जारी किए जाते हैं, जिसमें अगर जमीनी हक़ीक़त उलट हो तो यह बड़ा ही गम्भीर बन जाता है। हालांकि बताया जा रहा है कि बरसात के पूर्व ही दुर्ग-बेमेतरा स्टेट हाइवे पर जर्जर व खस्ताहाल जगहों पर पैच लगाकर अस्थायी मरम्मत की गई थी, किंतु सही ढंग से इसका क्रियान्वयन नहीं होने से सड़क में सैकड़ों गड्ढे बन गए हैं। इससे यह मार्ग फिलहाल मुसाफिरों व राहगीरों के खतरों का सफर बन गया है, जिस पर शासन-प्रशासन को संज्ञान लेने की जरूरत है।

### एमएसएमई पीसीएल के प्रांत ...

मेरे लिए सौभाग्य का विषय है कि मुझे एमएसएमई पीसीएल द्वारा मुझ पर विश्वास दिखाते हुए इतने बड़े दायित्व के योग्य समझा। इस हेतु मैं केंद्रीय नेतृत्व को धन्यवाद ज्ञापित करता हूं एवं विश्वास दिलाता हूं कि मैं उनके विश्वास पर खरा उतर कर बेमेतरा जिले के साथ साथ पूरे प्रदेश में उद्यम को आगे बढ़ाने का कार्य करूँगा । इस प्रेस वार्ता के दौरान वाइस चेयरमैन सुमन मुथा रायपुर संभाग, वाइस चेयरमैन यश मनहर बिलासपुर संभाग, रमाशंकर सरगुजा संभाग बेमेतरा जिला चेयरमैन मनोज वैष्णव, जिला वाइस चेयरमैन केशव साहू सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## हरेली के अवसर पर उनके आवास के सामने किया गया पौधारोपण

# पीएम योजना के हितग्राहियों को दिया प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

करहीभदर में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत ब्लॉक स्तरीय पौधारोपण एवं हरेली त्यौहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में खेत खलियानों में उपयोग आने वाले हल, गैंती, फावड़ा, सहित अन्य कृषि उपकरणों की पूजा की गई। सभी किसानों के लिए खुशहाली और अच्छी फसलों के लिए कामना की गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास प्राप्त हितग्राही को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके गृह प्रवेश के लिए शुभकामनाएं दीं। वहीं प्रधानमंत्री श्री मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत उन्हें पौधा भेंट कर उनके घर के सामने पौधारोपण किया गया। साथ ही ग्राम वासियों के लिए खेल का आयोजन किया गया, जिसमें मटका फोड़, कुर्सी दौड़, रस्सी खींच, कार्यक्रम रखा गया। वहां उपस्थित महिलाओं व बच्चों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष पवन साहू, विशेष अतिथि जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव, जिला जनपद अध्यक्ष प्रेमलता साहू, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष दीपा साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष पालक ठाकुर, करहीभदर के सरपंच लीलाराम डडसेना, ग्रामीण मंडल महामंत्री दानेश्वर मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी कमल पनपालिया, मंडल उपाध्यक्ष देवघर साहू, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष संजय साहू, विकास साहू, किसान मोर्चा ग्रामीण अध्यक्ष गणेश साहू, बुधारू राम, भानु साहू, खिलावन साहू, युवराज साहू, भंवरलाल भूतड़ा, हेमंत नटनागर, विमल साहू, और करही भदर के समस्त पंच व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



